DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

**T.B.C.**

**Serial No.**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

## GENERAL STUDIES

## General Geography Test-2

---

**Time Allowed: One Hours** **Maximum Marks: 100**

### INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. You have to enter your **Roll Number** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write anything else on the Test Booklet.
3. This Test Booklet contains **50** questions. Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
4. You have to mark all your responses **ONLY** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
5. **All** questions carry equal marks.
6. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
7. **Penalty for wrong answeres:**

**THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS**

There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer is given by the candidate, one-third of the marks assigned to that question will be deducted as penalty. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question. If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be no penalty for that question.

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।
2. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना **अनुक्रमांक** लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और **कुछ न लिखें।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका में 50 प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न **हिन्दी और अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्न में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रशन के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
4. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर **अलग** से दिए गए उत्तर पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
5. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
6. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
7. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड:**

**सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

प्रत्येक के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दण्ड के रूप में काटा जाएगा। यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा। यदि उम्मीदवार द्वारा कोई हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO**

# Space for Rough Work

# Test Paper

**Q 1. पृथ्वी के चुंबकीय गुणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र और चुम्बकमंडल (मैग्नेटोस्फीयर) आंतरिक कोर में मौजूद द्रवित धातुओं से उत्पन्न होता हैं।
2. यह पृथ्वी को सौर पवनों और ब्रह्मांडीय विकिरण से बचाता है।

उपरोक्त कथनो में से कौन सा/से सही हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 2. महाद्वीपीय और महासागरीय भूपर्पटी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. महाद्वीपीय भूपर्पटी प्रकृति मे ग्रेनाइटिक है जबकि महासागरीय भूपर्पटी प्रकृति में बेसाल्टिक है।
2. महाद्वीपीय भूपर्पटी, महासागरीय भूपर्पटी की तुलना में अपेक्षाकृत कम सघन होती है।

उपरोक्त कथनो में से कौन सा/से गलत हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 3. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. आग्नेय चट्टानों में सबसे अधिक जीवाश्म की मात्रा होती है।
2. बलुआ पत्थर, चूना पत्थर और शेल आदि अवसादी चट्टानों के उदाहरण हैं।

उपरोक्त कथनो में से कौन सा/से सही हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 4. अवसादी चट्टानों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. ये चट्टानें दबाव, आयतन और तापमान परिवर्तनों की क्रिया के तहत बनती हैं।
2. उनमें जीवाश्म पाये जाते हैं।
3. कई तलछटी चट्टानों में, निक्षेपों की परतें अपनी विशेषताओं को बरकरार रखती हैं।
4. ग्रेनाइट, गैब्रो, पेगमाटाइट इन चट्टानों के कुछ उदाहरण हैं।

उपरोक्त कथनो में से कौन सा/से सही हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

**Q 5. पृथ्वी के भूपर्पटी में मौजूद निम्नलिखित तत्वों पर विचार करें:**

1. ऑक्सीजन (O)
2. सिलिकॉन (Si)
3. एल्यूमीनियम (Al)
4. लोहा (Fe)

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके पृथ्वी की भूपर्पटी (प्रतिशत में) में वजन के आधार पर उपस्थिति के घटते क्रम में उपरोक्त तत्वों को व्यवस्थित करें:

(a) 1-2-3-4
(b) 1-3-2-4
(c) 1-3-4-2
(d) 1-2-4-3

**Q 6. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. सूर्य के चारों ओर परिक्रमण के दौरान पृथ्वी 4 जुलाई को सूर्य से सबसे दूर होती है। पृथ्वी की इस स्थिति को उपसौर (Perihelion) कहा जाता है।
2. 3 जनवरी को पृथ्वी सूर्य से सबसे निकट होती है। इस स्थिति को अपसौर (Aphelion) कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 7. पृथ्वी के आंतरिक भाग में निम्नलिखित असांत्यताओं (Discontinuities) पर विचार करें:**

1. मोहो
2. लेहमैन
3. गुटेनबर्ग
4. रेपेटी

पृथ्वी की भूपर्पटी से उसके अन्तर्भाग की ओर बढ़ने पर असांत्यता का सही क्रम क्या होगा?

(a) 1-2-3-4
(b) 1-4-3-2
(c) 1-3-4-2
(d) 1-2-4-3

**Q 8. पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप मे भिन्नता के लिये जिम्मेदार कारक निम्न में से कौन सा/से हैं?**

1. पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना
2. सूर्य की किरणों का नति कोण
3. दिन की अवधि
4. वायुमंडल की पारदर्शिता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**Q 9. निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी के आंतरिक संरचना के विषय में जानकारी के प्रत्यक्ष स्रोत के रूप में कार्य करते हैं?**

1. ज्वालामुखी
2. खनन
3. उल्का पिंड

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन करें।

(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 2 और 3
(d) 1, 2, 3

**Q 10. निम्नलिखित भूवैज्ञानिक कालावधियों को उनके विस्तार के आरोही क्रम मे व्यवस्थित कीजिए:**

1. महाकल्प
2. इयान
3. कल्प
4. युग

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन करें।

(a) 4-3-2-1
(b) 4-3-1-2
(c) 3-4-2-1
(d) 3-4-1-2

**Q 11. भू-आकृति विज्ञान के संदर्भ मे भृगु, वेदिकाएँ, कंदराएँ तथा स्टैक किससे संबंधित हैं**

(a) लहरों और धाराओं से बने अपरदनात्मक भू-आकृति
(b) लहरों और धाराओं से बने निक्षेपणात्मक भू-आकृति
(c) पवनों की क्रिया से निर्मित अपरदनात्मक भू-आकृति
(d) पवनों की क्रिया से निर्मित निक्षेपणात्मक भू-आकृति

**Q 12. निम्न में से कौन पवनों की क्रिया से निर्मित अपरदनात्मक भू-आकृति का उदाहरण नहीं है?**

(a) पदस्थली (b) पेडिमेंट
(c) अपवाहन गर्त (d) स्पिट

**Q 13. निम्नलिखित में से कौन से भूकंप के प्रेरक हो सकते हैं?**

1. सुनामी
2. ज्वालामुखी विस्फोट
3. भूमिगत खानों की छतों का ढहना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**Q 14. एक परिकल्पना के अनुसार ग्रहों का निर्माण धीमी गति से घूमते हुए पदार्थो के बादल से हुआ जो कि सूर्य की युवा अवस्था से संबद्ध थे। यह परिकल्पना 1796 ई. में गणितज्ञ लाप्लेस (Laplace) द्वारा प्रस्तुत की गई थी।**

उपर्युक्त विवरण किस परिसंकल्पना से सम्बंधित है।

(a) निहारिका परिकल्पना
(b) द्वैतारक परिकल्पना
(c) विस्तरित ब्रह्मांड परिकल्पना
(d) स्थिर अवस्था संकल्पना

**Q 15. निम्न में से कौन सा घनत्व के आधार पर ग्रहों का सही क्रम है?**

(a) बुध > शुक्र > पृथ्वी > मंगल
(b) बुध > पृथ्वी > शुक्र > मंगल
(c) बुध > पृथ्वी > मंगल > शुक्र
(d) पृथ्वी > बुध > शुक्र >मंगल

**Q 16. निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. बुध, शुक्र, पृथ्वी तथा मंगल को पार्थिव ग्रह भी कहते हैं
2. सभी पार्थिव ग्रहों का अर्द्धव्यास जोवियन ग्रहों की तुलना में कम होता है।

उपरोक्त कथनो में से कौन सा/से सही हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2


KGS IAS

**Q 17. 'द बिग स्प्लैट' किससे सबंधित है ?**

(a) सूर्य तथा पृथ्वी
(b) पृथ्वी तथा चंद्रमा
(c) सूर्य तथा चंद्रमा
(d) पृथ्वी तथा मंगल ग्रह

**Q 18. निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. प्रारंभ में पृथ्वी का वायुमण्डल हाइड्रोजन तथा हीलियम से बना था।
2. वर्तमान की तुलना में तब पृथ्वी का वायुमण्डल विरल था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से गलत हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**Q 19. निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. वायुमंडल के लम्बवत् तापन की प्रक्रिया को अभिवहन कहते हैं।
2. मध्य अक्षांशों मे दैनिक मौसम में आने वाली भिन्नताएँ केवल अभिवहन के कारण होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 20. निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. समुद्र तल के पास के स्थानों पर तापमान अधिक तथा ऊंचे भाग मे स्थित स्थानों पर तापमान कम होता है।
2. समुद्र के ऊपर स्थल की तुलना मे तापमान मे भिन्नता ज्यादा होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 21. वायुमंडलीय दाब के संबंध मे निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. ऊर्ध्वाधर दाब प्रवणता क्षैतिज दाब प्रवणता की अपेक्षा मे अधिक होती है।
2. वायुदाब ऊंचाई के साथ घटता है तथा वायुमंडल के निचले भाग में वायुदाब ऊंचाई के साथ तीव्रता से घटता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**Q 22. निम्न कथनों पर विचार करें:**

1. वायुदाब पट्टियाँ स्थाई नही हैं, उत्तरी गोलार्ध में शीत ऋतु में ये पट्टियाँ दक्षिण की ओर तथा ग्रीष्म ऋतु में ये उत्तर दिशा की ओर खिसक जाती हैं।
2. कोरिऑलिस बल के प्रभाव से पवनें उत्तरी गोलार्ध में अपनी मूल दिशा से दाहिने तरफ व दक्षिणी गोलार्ध में बाईं तरफ विक्षेपित (deflect) हो जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 23. निम्न में से किसकी लवणता उच्चतम है ?**

(a) वॉन झील (b) मृत सागर
(c) लाल सागर (d) ग्रेट साल्ट लेक

**Q 24. महासागरीय जल के संबंध मे निम्न मे से कौन सा/से सही है ?**

1. ज्वार-भाटा महासागर की ऊर्ध्वाधर गति से संबंधित हैं।
2. विश्व का सबसे ऊँचा ज्वारभाटा कनाडा के नवास्कोशिया में स्थित फंडी की खाड़ी में आता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 25. निम्न मे से कौन सा/से सही सुमेलित हैं ?**

| | अक्षांशीय क्षेत्र | कोष्ट |
|---|---|---|
| 1. | उष्णकटिबंधीय क्षेत्र | हेडले कोष्ट |
| 2. | मध्य अक्षांशीय क्षेत्र | फैरल कोष्ट |
| 3. | ध्रुवीय अक्षांश क्षेत्र | ध्रुवीय कोष्ट |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 3 (b) केवल 2, 3
(c) केवल 1, 3 (d) 1, 2 और 3

**Q 26. भूकंपीय तरंगों के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. भूगर्भिक तरंगें उद्गम केंद्र से ऊर्जा के मुक्त होने के दौरान पैदा होती हैं और पृथ्वी के अंदरूनी भाग से होकर सभी दिशाओं में आगे बढ़ती हैं।
2. 'P' तरंगें ध्वनि तरंगों जैसी होती हैं। ये गैस, तरल व ठोस- तीनों प्रकार के पदार्थों से गुजर सकती हैं।
3. 'S' तरंगें केवल ठोस माध्यम में गमन करती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

**Q 27. जब ज्वालामुखी के लावा का प्रवाह दरारों में धरातल के लगभग समकोण पर होता है एवं यदि यह इसी अवस्था में ठंडा हो जाए तो एक दीवार की भाँति संरचना बनाता है। यह संरचना संदर्भित की जाती है-**

(a) डाइक (b) सिल
(c) शीट (d) फैकोलिथ

**Q 28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. वैगनर के सिद्धांत में पैंजिया का प्रयोग विशाल महासागर को संदर्भित करता है।
2. इस सिद्धांत के अनुसार विभक्त हुये भूखण्डों में लारेंशिया उत्तरी भाग है जबकि गोंडवानालैंड दक्षिणी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 29. यह रेत एवं ग्रेनाइट का प्रमुख घटक है। इसमें सिलिका होती है। यह एक कठोर खनिज है तथा पानी में सर्वथा अघुलनशील होता है। यह श्वेत या रंगहीन होता है तथा इसका उपयोग रेडियो एवं रडार में होता है। ग्रेनाइट का यह एक महत्वपूर्ण घटक है।**

उपर्युक्त विवरण किस खनिज से सम्बंधित है:

(a) क्वाट्र्ज़ (b) फेल्डस्पर
(c) पाइरॉक्सिन (d) एम्फीबोल

**Q 30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. मौसम एवं जलवायु के कार्यों के माध्यम से शैलों का यांत्रिक (Mechanical) विखंडन एवं रासायनिक वियोजन/अपघटन अपक्षय कहलाता है।
2. अपक्षय एक स्वस्थाने (In situ) या तदस्थन (On-site) प्रक्रिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 31. वृहत संचलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वृहत संचलन के लिए अपक्षय अनिवार्य नहीं है, परंतु यह इसे बढ़ावा देता है।
2. भू-आकृतिक कारक जैसे- प्रवाहित जल, हिमानी, वायु, लहरें एवं धाराएँ वृहत् संचलन की प्रक्रिया में सीधे रूप से सम्मिलित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 32. नदी की अवस्था के संबंध में निम्नलिखित विवरण पर विचार करें:**

इस अवस्था में नदियों की संख्या बहुत कम होती है ये नदियाँ उथली V-आकार की घाटी बनाती हैं जिनमें बाढ़ के मैदान लगभग अनुपस्थित या संकरें बाढ़ मैदान मुख्य नदी के साथ-साथ पाए जाते हैं। जल विभाजक अत्यधिक विस्तृत (चौड़े) व समतल होते हैं, जिनमें दलदल व झीलें होती हैं।

उपर्युक्त विवरण नदी की किस अवस्था से सबंधित है?

(a) युवावस्था
(b) वृद्धावस्था
(c) प्रौढ़ावस्था
(d) प्रौढावस्था तथा वृद्धावस्था के बीच मे

**Q 33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. घोलरंध्र, लैपीज तथा चूना-पत्थर चबूतरे भौमजल अपरदित स्थलरूप के उदाहरण हैं।
2. स्टैलेक्टाइट, स्टैलेग्माइट और स्तंभ भौमजल निक्षेपित स्थलरूप के उदाहरण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 34. सर्क, हॉर्न तथा सिरेटेड कटक किससे संबंधित है?**

(a) भौमजल से निर्मित अपरदित स्थलरूप
(b) भौमजल से निर्मित निक्षेपित स्थलरूप
(c) हिमनद से निर्मित अपरदित स्थलरूप
(d) हिमनद से निर्मित निक्षेपित स्थलरूप

**Q 35. निम्नलिखित में से कौन सा/से 'हॉर्न' के उदाहरण है/हैं ?**

1. आल्पस की मैटरहॉर्न चोटी
2. हिमालय पर्वत की एवरेस्ट चोटी

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 36. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. मरूस्थलों मे वर्षा मूसलाधार वर्षा के रूप में होती है।
2. मरूस्थलीय चट्टानें यांत्रिक तथा रासायनिक अपक्षय से अधिक प्रभावित रहती हैं।
3. बालू-टिब्बे मरूस्थलों मे पवन द्वारा निर्मित अपरदनात्मक स्थलरूप हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) इनमे से कोई नहीं

**Q 37. निम्नलिखित गैसों को वायुमण्डल में उनके भार के प्रतिशत के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**

1. आर्गन
2. हीलियम
3. नीऑन
4. हाइड्रोजन
5. जेनन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) 1-2-3-4-5
(b) 1-3-5-4-2
(c) 1-3-2-5-4
(d) 1-5-4-3-2

**Q 38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. पृथ्वी द्वारा भेजी गई रेडियो तरंगों को आयनमंडल के द्वारा वापस भेज दिया जाता है।
2. आयनमंडल मे ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में वृद्धि शुरू हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. जलवाष्प वायुमंडल में उपस्थित एक ऐसी परिवर्तनीय गैस है, जो ऊँचाई के साथ बढ़ती जाती है।
2. विषुवत वृत्त से ध्रुव की तरफ जलवाष्प की मात्रा घटती जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 40. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सौर विकिरण के लिए पारदर्शी तथा पार्थिव विकिरण के लिए अपारदर्शी है?**

(a) ऑक्सीजन (b) नाइट्रोजन
(c) हीलियम (d) कार्बन डाईऑक्साइड

**Q 41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. सौर कलंकों की संख्या बढ़ने पर मौसम ठंडा तथा आर्द्र हो जाता है।
2. ज्वालामुखी विस्फोट के कारण पृथ्वी के औसत तापमान में गिरावट आ सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**Q 42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. पृथ्वी का हर चुंबकीय क्षेत्र कुछ लाख वर्षों में उलट जाता है
2. जब पृथ्वी का निर्माण 4000 मिलियन वर्ष से भी पहले हुआ था, तब 54% ऑक्सीजन थी और कोई कार्बन डाइऑक्साइड नहीं थी।
3. जब जीवित जीवों की उत्पत्ति हुई, तो उन्होंने पृथ्वी के प्रारंभिक वातावरण को संशोधित किया।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**Q 43. निम्नलिखित में से किसके कारण महासागरों और समुद्रों में ज्वार-भाटा आता है?**

1. सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल
2. चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल
3. पृथ्वी का केन्द्रापसारक बल

नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**Q 44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. चार स्थलीय ग्रहों में शुक्र का वातावरण सबसे सघन है।
2. मंगल ग्रह पर सतही गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का लगभग 38% है।
3. नेपच्यून एक बर्फ का दानव है जो 13 धुंधले छल्लों और 27 छोटे चंद्रमाओं से घिरा हुआ है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) तीनों (d) कोई भी नहीं

**Q 45. "बिग बैंग थ्योरी" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. इसे हॉयल की स्थिर अवस्था की अवधारणा के रूप में भी जाना जाता है।
2. बिग बैंग की घटना आज से 13.7 अरब साल पहले हुई थी।
3. सिद्धांत के अनुसार, आकाशगंगाओं का विस्तार हो रहा है और उनके बीच का स्थान भी बढ़ रहा है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) तीनों (d) कोई भी नहीं

**Q 46. निम्नलिखित में से कौन "क्वासर" शब्द की सबसे अच्छी व्याख्या करता है?**

(a) क्षुद्रग्रहों का समूह जो सूर्य के चारों ओर बृहस्पति की कक्षा को साझा करते हैं।

(b) घूमते हुए न्यूट्रॉन तारों में बहुत नियमित अंतराल पर विकिरण के स्पंदन पाए गए।

(c) जब कोई उल्कापिंड वायुमंडल के माध्यम से यात्रा से बच जाता है और जमीन से टकराता है।

(d) एक विशाल आकाशगंगा के केंद्र में कॉम्पैक्ट क्षेत्र जो एक सुपरमैसिव ब्लैक होल के आसपास है।

**Q 47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. हेलियोस्फीयर सूर्य और उसके ग्रहों के चारों ओर सौर हवा का विशाल बुलबुला है।
2. हेलिओस्फीयर सौर मंडल को आयनकारी विकिरण से बचाता है।
3. हेलियोपॉज़ वह सीमा है जहां सूर्य की सौर हवा अंतरतारकीय माध्यम द्वारा रोक दी जाती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) तीनों (d) कोई भी नहीं

**Q 48. चट्टानों से संबंधित 'शिलीभवन (lithification)' की प्रक्रिया:**

(a) अवसादी चट्टानों को सीधे आग्नेय चट्टान में परिवर्तित करती है।

(b) प्राकृतिक चट्टानी अवसादों को संगठित अवसादी चट्टानों में परिवर्तित करती है।

(c) ब्लॉक पर्वतों के निर्माण के लिए उत्तरदायी होती है।

(d) अवसादी चट्टानों को कायांतरित चट्टानों में परिवर्तित करती है।

**Q 49. निम्नलिखित में से भूकंप का / के तात्कालिक रूप से खतरनाक प्रभाव कौन-सा/से हो सकता/सकते है /हैं?**

1. धरातलीय विसंगति
2. मृदा द्रवीकरण
3. धरातल का एक तरफ झुकना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 3

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 2

**Q 50. 'रिंग ऑफ फायर' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह भूकम्पों और ज्वालामुखियों, दोनों से सम्बंधित भूकंपीय रूप से सक्रिय बेल्ट है।
2. यह विवर्तनिक प्लेटों द्वारा निर्मित अभिसारी प्लेट सीमांत का परिणाम है।
3. यह पूर्ण रूप से उत्तरी गोलार्ध में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/ हैं?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3